# सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल

## अर्धवार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024-25

## हिंदी (कोड संख्या-085) कक्षा : नवीं

**समय: 3 घंटे** **अंक : 80**

**सामान्य निर्देश-**

- इस **प्रश्नपत्र में** चार **खंड हैं**- क, ख, ग, घ **।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए** अंकानुसार उत्तर लिखिए |
- **निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करिए |**
- चारों **खंडों के कुल** 16 **प्रश्न हैं |** सभी **प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |**
- **यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |**

### खंड 'क' (अपठित बोध)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

व्यक्ति से अगली इकाई परिवार की है। पति-पत्नी माता-पिता तथा बच्चों से परिवार बनता है। परिवार एक ऐसी इकाई है जो समाज और राष्ट्र से जुड़ी रहती है। अतः परिवार को सुख-समृद्धि और मंगल-कामना के लिए प्रयत्न करना 'परिवार कल्याण' कहलाता है।

परिवार को सीमित रखने के प्रयत्न में ही परिवार कल्याण का भाव निहित है। मनुष्य को यह बात भली प्रकार समझ होनी चाहिए कि परिवार को बिना सोचे-समझे बढ़ाते चले जाना मूर्खता के अलावा और कुछ नहीं है। यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश की जनसंख्या में अंधाधुंध वृद्धि हो रही है जिसके परिणामस्वरूप परिवार-कल्याण का - कार्य पिछड़ जाता है। परिवार के सभी लोगों को सुख-समृद्धि तभी प्राप्त होगी जब परिवार के सदस्यों की संख्या सीमित होगी। एक व्यक्ति की आय को बाँटने वाले जब कम होंगे तब उसे पाने वालों को अधिक धन की प्राप्ति होगी। यह प्रश्न विचारणीय है कि परिवार-कल्याण को ध्यान में रखते हुए परिवार को छोटा कैसे रखा जाए? इसके लिए आम जनता में चेतना जाग्रत करनी होगी। लोगों को समझाना होगा कि जनसंख्या-वृद्धि से उनके परिवार को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**बहुविकल्पी प्रश्न :** **1x3=3**

1. 'परिवार' किनसे बनता है?
   (क) पति-पत्नी से (ख) पति-पत्नी तथा बच्चों से
   (ग) पति-पत्नी माता-पिता तथा बच्चों से (घ) माता-पिता दादा-दादी तथा बच्चों से
2. लेखक के अनुसार 'परिवार कल्याण' क्या है?
   (क) परिवार को नियंत्रित करना (ख) परिवार को छोटा रखना (ग) परिवार का ध्यान रखना
   (घ) परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल-कामना के लिए प्रयत्न करना

3. 'परिवार-कल्याण' का भाव किस बात में निहित है?

(क) परिवार के सुख की कामना करने में (ख) परिवार के विस्तार में

(ग) परिवार को सीमित रखने के प्रयास में (घ) इनमें से कोई नहीं

**लघु प्रश्न** **2x2=4**

(4) व्यक्ति का कौन-सा निर्णय मूर्खतापूर्ण है तथा परिवार का कल्याण किसमें निहित है ?

(5) हमारे देश में परिवार-कल्याण की क्या स्थिति है तथा लोगों को सुख-समृद्धि कैसे प्राप्त होगी ?

प्रश्न **2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि मानवीय गुणों का अधिकाधिक विकास विपरीत परिस्थितियों में ही होता है। जीवन में सर्वत्र इस सत्य के उदाहरण भरे हुए हैं। कष्ट और पीड़ा आंतरिक वृत्तियों के परिशोधन क साथ ही एक ऐसी आंतरिक दृढ़ता को जन्म देते हैं जो मनुष्य को तप्त स्वर्ण की भाँति खरा बनाता है। विपत्तियों के पहाड़ से टकराकर उसका बल बढ़ता है। हृदय में ऐसी अद्भुत वृत्ति का जन्म होता है कि एक बार कष्टों में जूझकर फिर वह उनको खेल समझने लगता है। उसके हृदय में विपत्तियों को ठोकर मारकर अपना मार्ग बना लेन की वीरता उत्पन्न हो जाती है। मन को भाँति ही शरीर की दृढ़ता शारीरिक श्रम के द्वारा आती है। शारीरिक श्रम शरीर को बलिष्ठ बनाता है। विपत्तियों तथा परिश्रम की अग्नि में तपकर शरीर का लौह इस्पात बन जाता है। जब एक शायर ने कहा कि 'मुश्किलें इतनी पड़ीं मुझ पर कि आसाँ हो गईं', तो वह इस सत्य से परिचित था। चारित्रिक दृढ़ता के लिए जो कार्य कष्टों का आधिक्य करता है शारीरिक दृढ़ता के लिए वही कार्य श्रम करता है। दोनों ही ऐसे हथौड़े हैं, जो पीट-पीटकर शरीर और मन में इस्पाती दृढ़ता को जन्म देते हैं।

**बहुविकल्पी प्रश्न :** **1x3=3**

1. विपरीत परिस्थितियाँ कारण हैं-

(क) अनुकूल परिस्थितियों को रोकने का (ख) समस्या समाधान का

(ग) सामाजिक चुनौतियाँ स्वीकारने का (घ) मानवीय गुणों के विकास का

2. मनुष्य को सोने जैसा शुद्ध बनाने में सहायक है-

(क) शरीर की दृढ़ता (ख) मन की दृढ़ता

(ग) आंतरिक दृढ़ता (घ) विपत्तियों से टकराव

3. विपत्तियों के बीच अपना मार्ग बना लेने की क्षमता कब उत्पन्न होती है?

(क) बाधाओं से बचकर (ख) कष्टों से खेलकर

(ग) कष्टों से जूझकर (घ) साधन-संपन्न बनकर

**लघु प्रश्न** **2x2=4**

(4) जो व्यक्ति विपत्तियों से टक्कर लेता है, उसका हृदय कैसा हो जाता है ?

(5) चारित्रिक दृढ़ता एवं शारीरिक दृढ़ता के लिए क्या आवश्यक है ?

## खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के लिखिए- 1×2=2**

(क) विभिन्न ________________के मेल या संयोग से शब्द बनते है |

(ख) रूपसाधक प्रत्यय कहाँ लगते हैं ?

(ग) वाक्य में प्रयुक्त शब्द कोई न कोई _________करता है |

**प्रश्न 4 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के लिखिए- 1×3=3**

(क) अनुस्वार शब्द में कहाँ-कहाँ लगते हैं |

(ख) अनुनासिक छांटिए : जनक, रोगी, आँधी, सर्व

(ग) जिन स्वरों के ऊपर मात्रा चिह्न नहीं लगता, उनपर क्या लगता है ?

(घ) अनुस्वार आश्रित नासिक्य ________ है |

**प्रश्न 5 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1×4=4**

(क) 'उन्नति' शब्द में से उपसर्ग अलग करिए |

(ख) 'सम' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए |

(ग) 'नियमित' शब्द में से प्रत्यय अलग करिए |

(घ) 'एरा' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए |

(ड़) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द क्या है ?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- 1×4=4**

(क) 'हरीश' शब्द का संधि विच्छेद करिए |

(ख) वधू+ऊर्जा की संधि करिए |

(ग) 'रेखांकित' शब्द का संधि विच्छेद करिए |

(घ) 'लक्ष्मीच्छा' की संधि करिए |

(ङ) 'प्रतीक्षालय' का संधि विच्छेद करिए |

**प्रश्न 7 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1×3=3**

(क) विशेष बात करने के लिए कौन सा विराम चिहन का प्रयोग होता है ?

(ख) लाघव विराम चिहन कौन-सा होता है ?

(ग) विराम-चिहनों का प्रयोग करके वाक्य पुन: लिखिए -

शास्त्रीजी ने नारा दिया जय जवान जय किसान

(घ) आजकल विवरण चिहन के स्थान पर कौन सा चिहन प्रयोग करने लगे है ?

**खंड 'ग' (साहित्य)**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-1x5=5**

**मनुष्य की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए बंद दरवाजे खोल देती है, परन्तु कभी ऐसी भी स्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं, उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु को लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, इसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक जाने से रोके रहती है।**

**प्रश्न- (i) मनुष्यों की पोशाकें क्या करती हैं ?**

(क) उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँटती है (ख) उनका फैशन दर्शाती है

(ग) उन्हें अधिकार दिलाती है (घ) कुछ नहीं

**(ii) अच्छी पोशाक क्या कर दिखाती है ?**

(क) समाज में अधिकार (ख) समाज में दर्जा

(ग) उन्नति के रास्ते (घ) उपर्युक्त सभी

**(iii) अच्छी पोशाक क्या नहीं करने देती ?**

(क) नीचे झुकने (ख) नीची श्रेणी के लोगों की मदद

(ग) सहानुभूति (घ) उपर्युक्त सभी

**(iv) इस पाठ के रचयिता कौन हैं ?**

(क) यशपाल (ख) जैनेंद्र (ग) मणिपाल (घ) वीरपाल

**(v) यह गद्यांश किस पाठ से अवतरित है ?**

(क) दुख (ख) दुख का अधिकार (ग) पोशाक (घ) विभिन्न श्रेणियाँ

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पठित पाठों के चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : 2x3=6**

(क) 'संबंधों का संक्रमण के दौर से गुजरना |'- प्रस्तुत पंक्ति का आशय स्पष्ट करिए |

(ख) एवरेस्ट यात्रा के दौरान कुल कितने कैंप लगाए गए ?

(ग) कौन-सा आघात अप्रत्याशित था और लेखक पर उसका क्या प्रभाव पडा ?
(घ) लेखिका को देखकर की हक्का-बक्का क्यों था ?

**प्रश्न 10 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-1x5=5**

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै ॥
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै।
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै॥
नामदेव कबीरू तिलोचनु सधना सैनु तरे।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै॥

i. प्रस्तुत पद्यांश में रैदास जी ने "गरीब निवाजु" किसको कहा है?
(क) श्री कृष्ण (ख) राम (ग) प्रेम (घ) देवी मां

ii. रैदास ने खुद को दास तो भगवान को क्या बोला?
(क) राजा (ख) मालिक (ग) पिता (घ) बड़ा भाई

iii. रैदास किसकी तरह अपने प्रभु की भक्ति करते हैं?
(क) दास (ख) सेवक (ग) भिक्षुक (घ) बेटा

iv. रैदास के अनुसार उनके प्रभु गरीब लोगों पर किस प्रकार की कृपा करते हैं?
(क) धन धान्य से समृद्ध कर देते हैं (ख) उनकी सारी ख्वाहिश पूरी करते हैं
(ग) उनको सद्बुद्धि देते हैं (घ) उपर्युक्त सभी

v. रैदास के अनुसार उनके प्रभु निम्न श्रेणी के लोगों पर किस प्रकार की कृपा करते हैं?
(क) ऊँची पदवी देते हैं (ख) धन धान्य से समृद्ध कर देते हैं
(ग) सारी ख्वाहिश पूरी करते हैं (घ) सतबुद्धि देते हैं

**प्रश्न 11 निम्नलिखित पठित कविताओं के चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : 2x3=6**

(क) सुहागा की उपमा रैदास ने क्यों दी है ?

(ख) कवि रहीम या रैदास की भाषा या भक्ति भावना के बारे में अपने विचार बताए

(ग) भाव स्पष्ट करिए : पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष चून |

(घ) नट किस कला में प्रवीण होने के कारन ऊपर चढ़ जाता है ?

**प्रश्न 12 संचयन पुस्तक के निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 4x2=8**

(क) पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ?

(ख) 'लेखक चिट्ठियों के बारे में घर जाकर झूठ भी बोल सकता था, पर उसने ऐसा नहीं किया' इसके आलोक में लेखक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताइए कि आप लेखक के चरित्र से किन-किन विशेषताओं को अपनाना चाहेंगे?

(ग) 'प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया' - का आशय स्पष्ट कीजिए।

**खंड 'घ' (लेखन)**

**प्रश्न 13** इस बार क्रिसमस पर अपने चचेरे भाई को आमंत्रित करते हुए बड़े दिन की छुटियाँ साथ मनाने का आग्रह करते हुए पत्र लिखिए | **5×1=5**

**अथवा**

आर्थिक सहायता देने हेतु अपने मित्र को आभार प्रकट करते हुए पत्र लिखिए ।

**प्रश्न 14** चिकित्सक और रोगी के आपसी संवाद लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

**अथवा** **5x1=5**

बाल दिवस पर भाषण तैयार करने हेतु दो छात्रों के मध्य हुई बातचीत को लगभग 80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए ।

**प्रश्न 15 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं की सहायता से लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5×1=5**

(क) स्वदेशी अपनाओ

- क्या, आवश्यकता क्यों ?, अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव, सुझाव

(ख) ऑनलाइन खरीददारी : समय की माँग

- अर्थ, समय बदल रहा है, संयम की जरुरत, सावधानी की आवश्यकता

(ग) धार्मिक एकता

- शीर्षक का अर्थ, धार्मिक एकता और प्यार, स्वार्थी लोगों द्वारा दुरुपयोग, मिलजुल कर रहना

**प्रश्न 16 निम्नलिखित चित्र का अपनी कल्पनाशक्ति से लगभग 80 शब्दों में वर्णन कीजिए : 5×1=5**

